सुविचा मुश्किलो का समाधान धैर्य व शान्ति से करे। डीजिटल संस्करण https://sbpatra.in पर उपलब्ध

सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा

सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष - १ | अंक -८ | ०६/०५/२०२४ | पृष्ठ -४ | प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण


## सम्पादकीय

मधुसूदन शर्मा की कलम से

### आत्महत्या को प्रेरित होता देश का भविष्य !

देश मे ठण्डा ही सही पर चुनावी माहोल है टीवी से लेकर समाचार पत्रों की सुर्खीयाँ पक्ष विपक्ष पर हमलों को बयाँ कर रही है । अभी चुनावी माहोल के साथ विधार्थीयों के परीक्षा परिणाम भी घेषित हुए है । हर वर्ष परीक्षा परिणाम आते है ओर कुछ समय के लिए तनावा , अवसाद , मानसिक प्रताडना , और आत्महत्या लाते है । तनाव , मानसिक रोग , अवसाद आदि से तो एक समय तक निकला भी जा सकता है । पर आत्महत्या करने के बाद क्या ?

आत्महत्या जैसा कदम इतनी आसानी से उठाया जाने लगा है कि जैसे राह चलते कोई सामान्य काम करा जा रहा हो। देखे तो पता चलता है कि आत्महत्या क्यों हुई क्योंकि अमुक विधार्थी कक्षा १० वीं या १२ वीं मे अनुत्तिर्ण रहा। क्या ये आत्महत्या का ठोस कारण है ? विर्धाथी कक्षा में ही अनुत्तिर्ण हुआ जीवन मे नही। परीक्षा परिणाम मे अनुत्तिर्ण होना आज के विधार्थीयों का धैर्य , संतोष , सहनशीलता दर्शाता है । आने वाला देशा का भविष्य सिर्फ इसलिए आत्महत्या कर रहा है कि वहा कक्षा मे अनुत्तिर्ण हुआ। कितना दुखद विषय है अभी पुरा जिवन बाकी है पर मात्र अनुत्तिर्ण होने पर जीवन समाप्त हो गया।

भारत भुमि ने महान क्रान्तिकारीयो , राजाओं , नेताओं , वैज्ञानिकों अधिकारीयो आदि को जन्म दिया। इनमें से बहुतों ने कितने कठीन डगर पर चलकर सफलता प्राप्त की। वर्तमान विधार्थी पीढी की यह मनोदशा रही तो आने वाले समय का शीर्ष नेतृत्व कैसे सम्हाला जाऐगा।

छोटी सी शिक्षक की डाँट पर विधार्थी तनाव ग्रस्त हो जाता है । थोडे से पढाई के दबाव मे वे अवसाद मे चले जाते है । आगे परिणाम बिगडते है तो आत्महत्या तक कर लेते है । यदि विधार्थी वर्ग इतना कमजोर हुआ तो देश का भविष्य किस ओर जाऐगा। ?

हम इस विषय पर नही जाऐगे कि इसका कारण डिजिटल युग रहा , माता-पिता का दुलार रहा या बच्चों का बौद्धिक विकास कारण जो भी रहा हो विषय यह नही विषय यहा है कि देश का भविष्य क्या है ।

इस स्थिती को देख कर प्रश्न उठता है कि क्या देश मे आने वाले समय मे कुशल नेतृत्व नही होगा । क्या कोई राणाप्रताप , सुभाषचन्द्र बॉस , महात्मा गाँधी , वीर-सावरकर , लालबहादुर शास्त्री , एपीजे अब्दुल कलाम आदि नही बन पाऐंगे ।

विधार्थी जगत को यह ज्ञात हो कि यही महान व्यक्ति भारत की धरा पर जन्मे है । ओर इन्होने आज के युवाओं से हजारों गुना संर्घष किया ओर संर्घष की आग मे तपकर ही निखरे है।

इतिहास बताता है कि लाल बहादुर शास्त्री ने सिर पर पुस्तक रखकर , नदी पार कर ,चाँदनी रात मे पढाई करी थी। और संर्घष के साथ सादगी इतनी की एक फटी धोती मे प्रधानमंत्री पद सम्हाला। इतिहास मे एसे अनेक शास्त्री , सावरकर , सुभाष , राणाप्रताप आदि हुए जिन्होने संर्घष का सफर तय किया।

आज के विधार्थीयों को आवश्यक्ता है इन महान विभुतियों की जीवन गाथा से अवगत कराने की , इन्हे सुनाने की , इन्हे समझाने की , और इनके पद चिन्हो पर चलने के लिए प्रेरणा की !

## मोदी का राहुल पर तंज ,काँग्रेस सत्ता में आई तो राम मंदिर भी अस्पताल बनेगा , चाय वाले ने शाही परिवार की कुप्रथा तोडी ।

मोदी ने रविवार को इटावा ओर सीतापुर में रैल को सम्बोधीत किया।



पीएम ने कहा– शाही परिवार का वारिस ही मुख्यमंत्री–प्रधानमंत्री बने, यह कुप्रथा इस चायवाले ने तोड़ दी। 5 साल पहले कांग्रेस का शाही परिवार चुनाव के समय मंदिर–मंदिर घूम रहा था। कांग्रेस के शहजादे ने कोट के ऊपर जनेऊ पहन लिया था। मगर, इस बार मंदिर के दर्शन बंद हैं। पीएम ने मंच से मुलायमसिंह को याद किया। साथ ही शिवपाल यादव की चुटकी भी ली ।उनके दिल की बात जुबान पर आ ही गई। सीतापुर में पीएम ने कहा– मोदी जब तक जिंदा है, एससी एसटी ओबीसी का आरक्षण को खत्म नहीं होने देगा। कांग्रेस के शहजादे सत्ता में आए तो राम मंदिर को भी अस्पताल बना दोगे

## दिल्ली काँग्रेस पुर्व अध्यक्ष अरविंद सिंह लवली बीजेपी मे शामिल आप गठबंधन से थे नाराज

चार अन्य नैता भी बीजेपी में शामिल ,२८ अप्रेल को काँग्रेस पद छोडा।




दिल्ली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने आप से गठबंधन को लेकर 6 दिन पहले यानी 28 अप्रैल को दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष पद छोड़ा था। उन्होंने तब कहा था कि पार्टी नहीं छोडूंगा। लवली के साथ नीरज बसोया, राजकुमार चौहान, नसीब सिंह और अमित मलिक भी भाजपा में शामिल हुए ।भाजपा में शामिल होने के बाद लवली ने कहा, हमें भाजपा के बैनर तले और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दिल्ली की जनता के लिए लड़ने का मौका दिया गया है। मुझे पूरी उम्मीद है कि देश में प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी। आने वाले दिनों में भाजपा का परचम दिल्ली में भी लहराएगा।

## कश्मीर मे हुआ अतंकी हमला सुरक्षा बलो के वाहन पर चार आतंकियों ने की फायरिंग एयराफोर्स जवान शहीद

पाकिस्तान घुस पैठ की कौशिश कर रहा है हमे बालाकोट स्ट्राइक की तरह हमला करना होगा-जीडी बख्शी



जम्मू–कश्मीर के पुंछ में शनिवार शाम (4 मई) एयरफोर्स के जवानों पर हुए आतंकी हमले में एक जवान शहीद हो गया। हमले में पांच जवान घायल हुए थे, जिन्हें एयरलिफ्ट कर उधमपुर के अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान एक जवान की मौत हो गई। एक की हालत गंभीर है। हमला पुंछ के शाहसितार इलाके में शनिवार शाम 6 बजकर 15 मिनट पर हुआ। 4 आतंकियों ने सनाई टॉप जा रही सुरक्षाबलों की दो गाड़ियों पर फायरिंग की। इसमें से एक वाहन एयरफोर्स का था। हमले के बाद आतंकवादी जंगल में भाग गए। उनके हाथ में एके असॉल्ट राइफल्स थी। एयरफोर्स की स्पेशल गरुड़ फोर्स, आर्मी और जम्मू–कश्मीर पुलिस सर्च ऑपरेशन कर रही हैं पुंछ राजौरी अनंतनाग लोकसभा सीट में आता है। यहां छठे फेज में 25 मई को वोटिंग है। सेना को संदेह– लश्कर ने हमला कराया – सुरनकोट में 21 दिसंबर 2023 को भी सेना के काफिले पर आतंकियों ने हमला किया था। इस हमले की जिम्मेदारी पीपुल्स एंटी–फासिस्ट फ्रंट ने ली थी। सेना के अधिकारियों को शक है कि शनिवार शाम को हुए हमले में भी इसी संगठन ।पीएएफएफ का हाथ है ।पीएएफएफ लश्कर एतैयबा की ही शाखा है।

## सोने की तस्करी करते पकडी गई अफगान डिप्लोमैट

दिया इस्तीफा कहा अब अपमान बर्दाश्त नही होता




मुंबई एयरपोर्ट पर 25 किलो सोने की तस्करी करते पकड़ी अफगानी डिप्लोमैट ने इस्तीफा दे दिया है। दरअसल, 25 अप्रैल को डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस विभाग ने भारत में मौजूद अफगानिस्तान की कॉन्सुल जनरल जाकिया वर्दाक को 1–1 किलो के सोने के 25 बार्स के साथ पकड़ा था। हालांकि, डिप्लोमैटिक इम्यूनिटी की वजह से उन्हगिरफ्तार नहीं किया जा सका था। शनिवार को इस्तीफे की घोषणा करते हुए वर्दाक ने कहा, पिछले एक साल में मैंने अपने खिलाफ कई निजी हमलाको झेला है। मेरी व मेरे परिवार की अवमानना की इसकी वजह से काम पर असर पड़ा यह अफगान मेंमहिलाओं की खराब हालत का सबूत है। मुझे बदनाम करने की साजिश – वर्दाक ने आगे कहा, षैं इन हमलों को और बर्दाश्त नहीं कर सकती। यह मुझे बदनाम करने और मेरी कोशिशों को विफल करने का हिस्सा है

## अवैध रेत से भरा ट्रैक्टर रोका तो माफिया ने एएसआई की कुचलकर कर दी हत्या

चालक को रोकने का इशारा किया ओर रेत भरे ट्रैक्टर से कुदा चालक और ट्रैक्टर ने एएसआई को कुचला



जब एएसआई महेंद्र बागरी ने अवैध रेत से भरे ट्रैक्टर को रोकने की कोशिश की तो ट्रैक्टर चालक ने रेत से भरा ट्रैक्टर महेंद्र बागरी पर चढ़ाकर उन्हें कुचल दिया। जानकारी के अनुसार इससे एएसआई महेंद्र बागरी की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद वाहन चालक रेत से भरा ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया। महेंद्र ब्यौहारी थाने में पदस्थ थे। एएसआई ने वाहन चालकको रोकने का इशारा किया था, लेकिनवह चलते वाहन से कूद गया और ट्रैक्टर ने एएसआई को कुचल दिया। इस घटना की सूचना के बाद वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। मामले की जांच की जा रही है। आरोपितों को पकड़ने के लिए सघन जांच अभियान भी चलाया जा रहा है।अवैधरेत से भरा ट्रैक्टर रोका तो माफिया ने एएसआइ कीकुचलकर कर दी हत्या मप्र के शहाडोल जिले के ब्यौहारी इलाके में हुई घटना के बाद चालक फरार हो गया। घटना की सूचना के बाद अधिकारी मौके पर पहुंचे आरोपीयों के लिए सघन जांच अभियान भी चलाया जा रहा है।

## मोदी बोले मोज नही मिशन के लिए पैदा हुआ एक पैसे के भ्रष्टाचार का आरोप नही

मेरे पास ना साईकिल है ना घर २५ साल में एक पैसे का भ्रष्टाचार का आरेप नही मोदी



पीएम ने कहा कि आपके आशीर्वाद से मोदी पर 25 साल में एक पैसे का भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा है। मोदी मौज नहीं मिशन के लिए पैदा हुआ है। परिवारवाद पर हमला करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ये लोग अपने बच्चों के लिए पैसा जमा कर रहे हैं। मेरे पास ना साइकिल है ना घर। मेरापरिवार और वारिस तो आप लोग हैं। मैं आपको विकसित भारत देना चाहता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन लोगों को मेरे आंसू अच्छे लगते हैं।कांग्रेस की डरपोक सरकार दुनिया में जाकर रोती थी। आज पाकिस्तान दुनियाभर में जा–जाकर रोता है।आज पाकिस्तान के नेता कांग्रेस को पीएम बनाने के लिए दुआ कर रहे हैं। मजबूत भारत आज मजबूत सरकार ही चाहता है। पीएम ने कहा कि मां भारती का अपमान नहीं सहेंगे। मोदी ने कहा कि ये नया भारत है, घर में घुसकर मारता है। भारत ने पाकिस्तान को हिलाकर रख दिया था। पहले कोई समय ऐसा नहीं होता था कि देश की सेवा करते–करते नौजवान सीमा पर शहीद ना होते हों। पहले ये हर महीने चलता था। आज ये सब बंद हो चुका है। ये आपके एक वोट ने किया है।





डिजीटल संस्करण

https://sbpatra.in

पर उपलब्ध



## नीमच में ओल्ड रेलवे इंजन को दुसरे स्थान पर स्थापित करने के दौरान हुई दुर्घटना में मझदुर घायल , बडा हादसा होने से बचा ।




अमृत योजन के अर्न्तगत आने वाले नीमच रेलवे स्टेशन पर सौंदर्य करण और निर्माण कार्य पश्चिम रेलवे के रतलाम रेल मंडल द्वारा किया जा रहा है। जिसके तहत नीमच रेलवे स्टेशन के सामने लगे हुए रेलवे के पुराने इंजन को अब दूसरी जगह शिफ्ट कर लगाया जाना है।इसी के तहत आज बुधवार को क्रेन की मदद से पुराने इंजन को शिफ्ट करने का काम किया जा रहा था। इस दौरान एक हादसा हो गया। दरअसल, शिफ्ट के दौरान इस कार्य में लगी क्रेन की अचानक से चेन टूट गई। हादसे में मजदूरी कर रहा एक युवक इंजन के एक हिस्से में फंस गया। उससे उसके दोनों पैर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। तत्काल युवक को बाहर निकाल कर नीमच के निजी चिकित्सालय में इलाज के लिए ले जाया गया। जहां उसका इलाज हो रहा है। हादसे में उत्तर प्रदेश निवासी मजदूर युवक हिमांशु पिता लालचंद का एक पैर फैक्चर हुआ है, जबकि दूसरे पैर में मामूली चोट आई है। गनीमत यह है कि इस हादसे में युवक बाल–बाल बच गया। यदि युवक इंजन में दब जाता या और कोई गम्भीर स्थिति बनती तो उसकी जान भी जा सकती थी। फिलहाल युवक का निजी अस्पताल मे इलाज जारी है।

## स्कुल शिक्षा विभाग ने कक्षा ५ वीं ओर ८ वीं की पुन: परिक्षा के संबंध में राज्य शिक्षा केन्द्र ने जारी किए निर्देर्श



स्कूल शिक्षा विभाग ने कक्षा–5 और 8 की पुनरू परीक्षा सत्र 2023–24 के लिये दिशा–निर्देश जारी किये हैं। इस संबंध में जिला कलेक्टर्स को राज्य शिक्षा केन्द्र ने पत्र लिखा है। कक्षा–5 और 8 की पुनरू परीक्षा 3 जून से 8 जून के मध्य होगी। राज्य शिक्षा केन्द्र ने प्रोजेक्ट कार्य के अंकों की प्रविष्टि के संबंध में कहा है कि ऐसे परीक्षार्थी, जो अनुत्तीर्ण हो गये हों या अनुपस्थित रहे हों, उन छात्रों के प्रोजेक्ट कार्य 15 मई तक अनिवार्य रूप से पूरा कर मूल्यांकन किया जाये। इन कक्षाओं के पुन परीक्षा केन्द्र जनशिक्षा केन्द्र पर ही निर्धारित किये जायें। छात्रों की संख्या 500 से अधिक होने पर दूसरा परीक्षा केन्द्र राज्य शिक्षा केन्द्र की अनुमति से बनाया जा सकेगा।

निर्देशों में कहा गया है कि परीक्षा केन्द्र तक परीक्षार्थियों को पहुँचाने का दायित्व संबंधित शाला प्रमुख और शिक्षकों का होगा। परीक्षार्थियों के प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर प्राप्त किये जा सकेंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी राज्य शिक्षा केन्द्र के जिला समन्वयक से भी प्राप्त की जा सकती है।

## युवक ने जहरीला पदार्थ खाया, हो गई मौत

नगर की उषागंज कॉलोनी में एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। युवक के जहरीला पदार्थ खाने पर परिजन मनासा अस्पताल लेकर आएं। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पीएम कर मर्ग कायम कर जांच शुरू की। कारणों का पता नहीं चल नगर की उषागंज कॉलोनी में रहने वाले प्रेम पिता बालकराम गुलाठी ने दोपहर 2 बजे जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन को जानकारी मिलने पर युवक को अस्पताल लेकर आए जहां मौत हो गई। पीएम कर शव परिजन को सौंपा। मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। अभी कारणों का पता नहीं चल पाया है। (डीबी एप के सौजन्य से)

## मतदान जागरूकता के साथ १८ ग्रामीणा संस्थाओं को जिला कालेक्टर द्वारा ग्रीन लीफ प्रमाण पत्र वितरित

कलेक्ट्रेट बुधवार को कलेक्टर श्री दिनेश जैन, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरुप्रसाद, अतिरिक्त कलेक्टर श्रीमती लक्ष्मी गामड एवं की उपस्थिति में नीमच जिले की श्रेष्ठा पराडाइज कनावटी–नीमच, श्रद्धा भवन भादवामाता संस्थान, पाटीदार घर्मशाला भादवामाता कोग्रीन लीफ रेटिंग, वृन्दावन गार्डन होटल एण्ड रिसोर्ट, कस्तुरबा गाँधी बालिका छात्रावास हरवार, कुमावत घर्मशाला भादवामाता, नेताजी सुभाषचन्द्र बोस बालिका छात्रावास पडदा, अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास कुण्डला, शासकीय आदिवासी जुनियर बालक छात्रावास टामोटी, शासकीय आदिवासी बालक आश्रम धाकडखेडी को ग्रीन लीफ रेटिंग,नेताजी सुभाषचन्द्र बोस बालिका छात्रावास कलेक्ट्रेट बुधवार को कलेक्टर श्री दिनेश गुरुप्रसाद, अतिरिक्त कलेक्टर श्रीमती लक्ष्मी गामड एवं की उपस्थिति में नीमच जिले की श्रेष्ठा पराडाइज कनावटी–नीमच, श्रद्धा भवन भादवामाता संस्थान, पाटीदार घर्मशाला भादवामाता कोग्रीन लीफ रेटिंग, वृन्दावन गार्डन होटल एण्ड रिसोर्ट, कस्तुरबा गाँधी बालिका छात्रावास हरवार, कुमावत घर्मशाला भादवामाता, नेताजी सुभाषचन्द्र बोस बालिका छात्रावास पडदा, अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास कुण्डला, शासकीय आदिवासी जुनियर बालक छात्रावास टामोटी, शासकीय आदिवासी बालक आश्रम धाकडखेडी को ग्रीन लीफ रेटिंग,नेताजी सुभाषचन्द्र बोस बालिका छात्रावास बामनबर्डी–नीमच, अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास चीताखेडा, पिछडा वर्ग पोस्टकलेक्ट्रेट बुधवार को कलेक्टर श्री दिनेशगभोलियावास, विमुक्त जाति बालक आश्रम बोरदियाकलां, पुरोहित धर्मशाला घसुण्डी बामनी, मेघवाल धर्मशाला चीताखेडा, विमुक्त जाति बालिका आश्रम आंत्रीमाता, शासकीय अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास चचोर को 1 ग्रीन लीफ रेटिंग, इस प्रकार कुल 18 संस्थाओं को स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग प्रदान की गई। मतदान करने हेतु मतदाता शपथ भी दिलाई गई।साथ ही सभी से अपेक्षा की गई कि अपने यहां उपलब्ध सुविधाओं को उत्कृष्ट कर आगामी समय में 5 ग्रीन लीफ रेटिंग प्राप्त करे और पर्यटन को भी बढ़ावा देने के साथ–साथ आने वाली 13 मई को मतदान करने हेतु मतदाताओं को प्रेरित करते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और मतदान करने में सर्व धर्म समाज के सभी लोगो की सहभागिता सुनिश्चित करायेगें।

## गैस नली में लगी आग महिला और पति झुलसे

नीमच ग्राम सावन में खाना बना रही महिला एलपीजी सिलेंडर से गैस लीकेज से विस्फोट के कारण आग में झुलस गई। परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। पीड़ित कारीबाई (45) पति परमानंद धनगर है। मामला सिटी थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव सावन का है। जहां गुरुवार दोपहर को गांव में खाना बना रही महिला आग में झुलस गई। जब महिला घर में खाना बना रही थी तब गैस की नली में आग लग गईं। आग इतनी तेजी से बढ़ने लगी कि महिला चपेट में आ गई। पति महिला को बचाने दौड़ा तो वह भी आग की चपेट में आ गया। उसके पैर जल गए। आग गैस नली से गैस रिसाव होने के कारण लगी। जिला चिकित्सालय में महिला का इलाज जारी है। (डीबी एप के सौजन्य से)

## १३ को वोट दें और ब्लड प्रेशर शुगर की जांच फ्री कराएं

नीमच एसडीएम डॉ. ममता खेड़े ने बताया कि मतदाता जागरूकता के तहत स्वस्थ नीमच का अभियान शुरू किया। इसके तहत 13 मई को मतदाता मतदान कर नीली स्याही का निशान दिखाकर ब्लड प्रेशर एवं शुगर की निरूशुल्क जांच करवा सकते हैं। इसके लिए प्रशासन द्वारा विभिन्न संस्थानों द्वारा 13 मई को फ्री जांच कराने का अनुरोध किया। इस पहल पर वधवा नर्सिंग होम, चौरड़िया हॉस्पिटल, ज्ञानोदय हॉस्पिटल, श्रीराम हॉस्पिटल, मेवाड़ हॉस्पिटल, चौधरी नर्सिंग होम, सुविधा डायग्नोस्टिक सेंटर, विनायक हॉस्पिटल, पोरवाल चिकित्सालय एवं फोटोलॉजी लैब, गर्ग नर्सिंग होम ने सहमति दी। इसके साथ मनासा एसडीएम पवन बारिया ने बताया कि मतदान के दिन नीली स्याही का निशान दिखाने पर रतन सिनेप्लेक्स में 50 प्रतिशत की छूट रहेगी (डीबी एप के सौजन्य से)

## जिले मे घर-घर सबसे पहले मतदान फिर जलपान कार्यक्रम सम्पन्न



नीमच 1 मई 2024, नीमच जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आगामी 13 मई को होने वाले मतदान में शतप्रतिशत मतदान के प्रति जन जागरूकता के लिए एक मई को घर–घर मतदाता जागरूकता के पोस्ध्टर, स्टीकर लगाने का अभियान प्रारंभ हुआ। बूथ अवेयनेस ग्रुप के सदस्यों ने गांव–गांव, घर–घर जाकर सबसे पहले मतदान उसके बाद जलपान का नारा लिखे पोस्टर्स एवं स्टीकर मतदाताओं के घरों पर चिपकाये और मतदाताओं से 13 मई को मतदान केंद्र जाकर मतदान करने की अपील की।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीदिनेश जैन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद ने बुधवार को चीताखेडा पहुंचकर, इंदिराकॉलोनी में बी.ए.जी. सदस्यों के साथ घर–घर जाकर, 13 मई को मतदाताओं से मतदान करने के संबंध में चर्चा की और उनके घरों के बाहर अपने हाथों से सबसे पहले मतदान उसके बाद जलपान, नीमच करेगा मतदान 13 मई 2024 का नारा लिखे पोस्टर्स एवं स्टीकर चिपकाये एवं मतदाताओं से मतदान करने की अपील की। इस मौके पर सहायक संचालक जनसंपर्क श्री जगदीश मालवीय, जनपद नीमच के सीईओ श्री राजेन्द्र पालनपुरे सहित बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्य, आंगनवाडी कार्यकर्ता, बीएलओ एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## बेस्ट एम्पलाई आफ दी मंथ पुरस्कार से सम्मानित जिला पंचायत सीईओ गुरूप्रसाद एवं कोषालय अधिकारी सुरावत



नीमच 1 मई 2024, कलेक्टर श्री दिनेश जैन द्वारा बुधवार को कलेक्टोरेट नीमच में आयोजित एक सादे समारोह में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने और नीमच जिले को प्रदेश में अव्वल स्थान दिलाने के लिए किए गये विशेष प्रयासों के फल स्वरूप जिला पंचायत नीमच के सीईओ श्री गुरूप्रसाद को बेस्ट एम्पलाई आफ दी मंथ का प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है। साथ ही कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने वेतन भुगतान में प्रदेश में लगातार पांचवी बार प्रथम स्थान दिलाने पर जिला कोषालय अधिकारी श्री बी.एम.सुरावत को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान कर बेस्ट एम्पलॉई आफ दी मंथ के पुरस्कार से सम्मानित किया है।

खबरों के लिए लोगिंन करे !

https://sbpatra.in/

समाचार के लिए लोगिंग करें

https://sbpatra.in/

# यशवंत राव होस्पीटल में डॉक्टर ने सर्जरी कर पेट से निकाला 17.400 किलो का कैंसर ट्यूमर

**60 वर्षीय मरीज के पेट के ऊपरी हिस्से में था ट्यूमर तीन घण्टे तक चला ओपरेशन**



एमवाय अस्पताल के डॉक्टरों ने शुक्रवार को 60 वर्षीय मरीज के पेट के ऊपरी हिस्से का ऑपरेशन कर 17.4 किलो का कैंसर ट्यूमर निकाला। दरअसल ट्यूमर मरीज की दाहिनी किडनी, अवर वेना कावा और महाधमनी से जुड़ गया था, जिसमें निकालने में करीब तीन घंटे तक ऑपरेशन चला। ऑपरेशन के बाद मरीज पूरी तरह से स्वस्थ है। डॉक्टरों के अनुसार मरीज कुछ दिनों पहले ही पेट दर्द औरसूजन की परेशानी लेकर एमवाय अस्पताल आया था। सर्जन डा. रिजुल मारवाह ने बताया कि मरीज के पेट में ट्यूमर बहुत बड़ा था और मरीज को खाना खाने और यहां तक कि चलने में भी परेशानी हो रही थी। ट्यूमर, दाहिनी किडनी, अवर वेना कावा और महाधमनी से जुड़ गया था। इसलिए सर्जरी करते समय टीम को बेहद सतर्क रहना पड़ा। जरा सी भी गलती घातक हो सकती थी। चुनौतीपूर्ण थी सर्जरी – ट्यूमर ने कई नसों को कवर कर लिया था। पूरे ऑपरेशन में तीन घंटे का समय लगा। ऑपरेशन के बाद मरीज पूरी तरह से स्वस्थ है और कुछ दिनों तक निगरानी में रहने के बाद उसे छुट्टी दे दी जाएगी। वरिष्ठ सर्जन डा. सुदर्शन ओड़िया ने बताया कि यह दुर्लभ ट्यूमर में से एक है और सर्जरी चुनौतीपूर्ण थी। मरीज के शरीर में इतना भारी ट्यूमर देखकर हम हैरान रह गए और तुरंत सर्जरी करने का फैसला किया।

## उज्जैन के आश्रम में अप्राकृत कृत्य करने वाले आचार्य व सेवादार गिरफ्तार

उज्जैन के दंडी आश्रम में बच्चों से कुकर्म करने के दूसरे आरोपी अजय ठाकुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सेवादार ठाकुर को बुधवार देर रात सीहोर जिले के आष्टा से पकड़ा गया। गुरुवार सुबह 6 बजे पुलिस उसे उज्जैन लेकर आई। शहर के बड़नगर मार्ग स्थित दंडी सेवा आश्रम में संचालित गुरुकुल में बच्चों से यौन शोषण के खुलासे के बाद पुलिस ने आचार्य राहुल शर्मा और सेवादार अजय ठाकुर पर अलग–अलग 3 केस दर्ज किए हैं। अप्राकृतिक कृत्य की धारा के साथ पॉक्सो एक्ट में भी कार्रवाई की गई है। आचार्य राहुल शर्मा को आश्रम के संचालक संत गजानंद सरस्वती ने खुद पुलिस बुलाकर गिरफ्तार करा दिया था। सेवादार फरार था।

## एक एप पर विद्युत संबंधी शिकायतों का निराकरण - उपाय एप




मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपाय एप पर विद्युत संबंधी शिकायतों का समाधान किया जा रहा है। कंपनी ने कहा है कि आंधी, तूफान एवं अन्य कारणों से होने वाले विद्युत व्यवधान के निराकरण के लिए उपभोक्ता मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उपाय एप को अपने मोबाइल में डाउनलोड करें और अपनी शिकायत का त्वरित समाधान कराएं। कंपनी ने बताया है कि बिजली उपभोक्ता गूगल प्ले स्टोर से इस एप को निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि उपभोक्ता मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उपाय एप के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करने के साथ ही शिकायत की स्थिति भी जान सकते हैं।बिजली कंपनी ने कहा है कि उपभोक्ताओं के लिए उपाय एप के माध्यम से रजिस्टर कम्पलेंट ऑप्शन्स की सहायता से विद्युत व्यवधान या बिल संबंधी शिकायत दर्ज कर शिकायत क्रमांक प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद उपभोक्ता दर्ज शिकायत के निराकरण की स्थिति भी एप के माध्यम से जान सकते हैं। उपभोक्ता अपने वर्तमान बिल को डाउनलोड करने के साथ ही बिल भुगतान भी कर सकते हैं। एप से बिल का भुगतान करने पर उपभोक्ताओं को बिल डेस्क, एचडीएफसी बैंक, पे–यू, गूगल पे, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, भीम यूपीआई, नेट बैंकिंग आदि ऑप्शन्स प्राप्त होते हैं। उपभोक्ता इनमें से किसी भी एक माध्यम का चयन कर अपने विद्युत बिल का भुगतान कर रसीद भी डाउनलोड कर सकते हैं।

## सीएम मोहन यादव ने कॉंग्रेस को बताया पाखंडी उत्तर प्रदेश में रामलला के दर्शन करने भी नही गए कॉंग्रेसी

यह बात मुख्यमंत्री मोहन यादव ने दतिया प्रवास के दौरान किला चौक पर भाजपा की चुनावी आमसभा के दौरान कही। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पिछले 55 वर्ष तक इनका राज रहा लेकिन गरीबी कभी दूर नहीं हुई। कांग्रेस नेता पाखंडी हिंदू है, उन पर भरोसा नहीं किया जा सकता। जब दतिया में कोई चुनाव लड़ेगा तो माई का आशीर्वाद लेने जरूर जाएगा, लेकिन उत्तर प्रदेश से कांग्रेसी चुनाव लड़ने के लिए नामांकन तो भर रहे हैं लेकिन रामलला के दर्शन करने तक नहीं गए। मुख्यमंत्री ने शहर में किया रोड शो इनको कभी गरीबों की चिंता नहीं रही। कांग्रेस के राजबाबू को सिर्फ झूठ की राजनीति आती है। एकमात्र भाजपा पार्टी है, जो गरीब कार्यकर्ता को भी देश और प्रदेश के बड़े पदों पर पहुंचाकर उसे सम्मान देती है। मुख्यमंत्री ने खुले में मांस बिक्री के प्रदेश सरकार के फैसले के बारे में भी भाषण में जिक्र किया।

## 01 लाख 15 हज़ार की रिश्वत लेते शाजापुर में सहकारिता विभाग का अधिकारी पकड़ाया



शाजापुर में सहकारिता विभाग के एक अधिकारी को 1 लाख 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा गया है। आरसी जरिया सहायक उपायुक्त के पद पर पदस्थ है। लोकायुक्त पुलिस ने उसे शाजापुर किला परिसर स्थित कार्यालय में ही रंगे हाथ पकड़ा है। लोकायुक्त पुलिस ने सहायक उपायुक्त आरसी जरिया को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। इंदौर लोकसभा सीट पर कांग्रेस के सब्स्टीट्यूट कैंडिडेट मोतीसिंह पटेल का नामांकन स्वीकार नहीं करने पर पार्टी फिर हाईकोर्ट पहुंच गई है। उसने इंदौर हाईकोर्ट की एकलपीठ के याचिका खारिज करने के फैसले को खंडपीठ में चुनौती दी है। सुनवाई 3 मई को होगी। अपीलकर्ता और चुनाव आयोग दोनों का पक्ष सुना जाएगा। बता दें, कांग्रेस की ओर से जारी फॉर्म–B में अक्षय कांति बम के साथ सब्स्टीट्यूट कैंडिडेट के रूप में पटेल का नाम दिया था। स्क्रूटनी में पटेल का नामांकन खारिज कर दिया गया था। इसके बाद मुख्य प्रत्याशी अक्षय ने भी 29 अप्रैल को नाम वापस ले लिया। अब कांग्रेस चाहती है कि सब्स्टीट्यूट कैंडिडेट मोतीसिंह पटेल को नामांकन स्वीकार करते हुए उन्हें चुनाव लड़ने का मौका दिया जाए।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सात मई को खँडवा ओर खरगोन में चुनावी सभा

**मध्य प्रदेश की खंडवा और खरगोन संसदीय सीट पर १३ मई को मतदान कराया जाएगा।**



मप्र में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में खंडवा और खरगोन संसदीय सीट पर वोट डाले जाएंगे।मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण का मतदान 13 मई को कराया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 7 मई को मप्र के खंडवा और खरगोन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। उल्लेखनीय है कि मप्र में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में खंडवा और खरगोन संसदीय सीट पर वोट डाले जाएंगे। मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण का मतदान 13 मई को कराया जाएगा। इस दिन देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम और इंदौर लोकसभा सीट के लिए भी वोट डाले जाएंगे। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश में तीसरे चरण की लोकसभा सीटों पर सात मई को मतदान कराया जाएगा। इन सीटों पर सभा, रैली और रोड शो का शोरगुल पांच मई को थम जाएगा। इसके पहले आज भाजपा और कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की मध्य प्रदेश में सभा हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सागर लोकसभा के अंतर्गत वाली सिरोंज विधानसभा में सभा को संबोधित करने पहुंचेंगे दूसरी ओर कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा मुरैना में चुनावी सभा को सभा करेंगी।

## मतदान के लिए प्रेरीत करने के लिए चलें बूथ की ओर अभियान चलाने के दिए निर्देश

लोकसभा निर्वाचन–2024 के अंतर्गत तीसरे और चौथे चरण के 31 जिलों में स्थित प्रत्येक मतदान केन्द्र पर चलें बूथ की ओर अभियान चलाने के निर्देश दिये गये हैं। निर्देशों के पालन में चलें बूथ की ओर अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों/गतिविधियों के पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण के लिये मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारियों की ड्यूटी लगायी गयी है। श्री राजेश कौल, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विदिशा, भोपाल व बैतूल, श्री मनोज खत्री, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायसेन, खंडवा व बुरहानपुर, श्री विवेक श्रोत्रिय, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बड़वानी, अलीराजपुर व झाबुआ, श्री बसंत कुर्रे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्योपुर, भिंड व दतिया, श्री तरुण राठी, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजगढ़, जायसवाल, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मुरैना, धार व हरदा, श्रीमती सुरभि तिवारी, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी उज्जैन, शिवपुरी व खरगौन, श्री संजय कुमार श्रीवास्तव, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ग्वालियर, इंदौर व देवास और श्री राजेश यादव, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नीमच, मंदसौर व रतलाम जिले में इस अभियान के अंतर्गत आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों/गतिविधियों का पर्यवेक्षण करेंगे।

## हर वोट कीमती, लोकतंत्र की मजबूती के लिए अवश्य करें मतदान-राजन




लोकसभा निर्वाचन–2024 के तीसरे एवं चौथे चरण में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से संबंधित संसदीय क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में "चलें बूथ की ओर" अभियान प्रारंभ किया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन बुधवार को सीहोर जिले के ग्राम बिलकिसगंज एवं कांकरखेड़ा में चलें बूथ की ओर अभियान में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि हर वोट कीमती है। लोकतंत्र की मजबूती के लिये मतदान अवश्य करें। श्री राजन मतदाताओं को जागरूक करने के लिये ट्रैक्टर में बैठकर गांव में घूमे।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने मतदाताओं से लोकतन्त्र के महापर्व में अपनी सहभागिता करते हुए लोकसभा चुनाव में मतदान जरूर करने की अपील की। उन्होंने कहा कि निर्भीक होकर मतदान करें और भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभायें। श्री राजन ने कहा कि अगले दो चरणों में मतदान का प्रतिशत बढ़ाना है। इसके लिये जरूरी है कि हर मतदाता वोट जरूर डाले। उन्होंने कहा कि जैसा उत्साह और अनुशासन आज दिख रहा है, ऐसा ही मतदान के दिन भी दिखना चाहिए। श्री राजन ने कहा है कि मतदान के दौरान मतदान केंद्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं। गर्मी को देखते हुए सभी मतदान केन्द्रों में छाया, पानी, दवाईयां तथा बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि जब भी मतदान करने जाएं, तो मतदाता सूचना पर्ची के साथ पहचान का एक फोटोयुक्त दस्तावेज अवश्य ले जाएं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने वरिष्ठ मतदाताओं तथा दिव्यांग मतदाताओं को पुष्प–गुच्छ, शॉल, श्रीफल भेंट कर तथा साफा पहनाकर सम्मानित किया तथा युवा मतदाताओं को ईपिक कार्ड प्रदान किए। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने उपस्थित मतदाताओं को मतदान जरूर करने की शपथ दिलाई।

## स्कूली छात्रा से रेप मामले में पुलिस के एसआई का माँ पर दबाव ,एस आई ने कहा ले देकर मामला सुलझाा लो

राजधानी के एक बड़े निजी स्कूल में सेकेंड क्लास की छात्रा से रेप के मामले में एसआई की भूमिका पर सवाल उठे हैं। सबसे बड़ा राजदार सब इंस्पेक्टर प्रकाश राजपूत को ही बताया जा रहा है। प्रकाश ही वह एसआई है, जिसने 29 अप्रैल की रात को बच्ची की मां पर इस बात का दबाव डाला था कि वह उसकी मेडिकल जांच न कराए। पीड़ित बच्ची की मां ने बताया कि राजपूत ने मुझसे कहा कि मोदी (स्कूल संचालक) से ड्रग्स के नशे में गलती हुई है। वो ले–देकर मामला समझ ले। बात आगे न बढ़ाए। उधर, स्कूल मैनेजमेंट का कहना है कि 19 अप्रैल को बच्ची की मां एसआई राजपूत के साथ ही स्कूल में एडमिशन के लिए आई थी। उन्होंने पूरे दस्तावेज भी नहीं दिए। पीड़ित बच्ची की मां ने भास्कर से बातचीत करते हुए ये स्वीकार किया कि वह राजपूत के साथ स्कूल में एडमिशन के लिए गई थी। ऐसे में पुलिस अब स्कूल संचालक, वार्डन, एसआई राजपूत और पीड़िता की मां की भूमिका की भी बारीकी से जांच कर रही है। उधर, एफआईआर के बाद से राजपूत गायब है। पुलिस उसे तलाश रही है।

## युएन में भारत ने दिखाया पाक को आयना कहा खुद का रिकॉड देखे पाकिस्तान भारतीय प्रतिनीधी - रूचिका कम्बोज।

फरवरी में युएनएससी में भारत ने बताया पाकिस्तान खून में डूबा हुआ देश है।




युएन में कश्मीर,सीएए और राम मंदिर का मुद्दा पाकिस्तन ने उठाया। पाकिस्तान के बयान पर जवाब देते हुए भारत की प्रतिनिधि रुचिरा कम्बोज ने कहा, हम दुनिया में कठिन समय के बीच शांति लाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में पाकिस्तान का बयान मर्यादा के खिलाफ है। उनका स्वभाव हमारी कोशिशों के लिए खतरा हो सकता है।कम्बोज ने आगे कहा, भारत सिर्फ हिंदू, बौद्ध, जैन और सिख धर्म का जन्मस्थल नहीं है। यह इस्लाम, ईसाई, यहूदी और पारसियों का भी गढ़ है। यहां लंबे समय से उन धर्म के लोगों को पनाह मिलती आई है, जिन्हें दुनिया में प्रताड़ित किया गया। यही भारत की विविधता का सबसे बड़ा सबूत है।युएन में भारतीय प्रतिनिधि कम्बोज ने कहा, ष्हम उम्मीद करते हैं कि पाकिस्तान डिप्लोमैसी के मूल्यों का पालन करेगा। या फिर क्या हर मामले में सबसे संदिग्ध ट्रैक रिकॉर्ड रखने वाले देश से ऐसी उम्मीद करना गलत होगा? कम्बोज ने कहा, आतंकवाद शांति और सभी धार्मिक मूल्यों के खिलाफ है। यह कलह पैदा करता है, दुश्मनी को बढ़ावा देता है और धार्मिक मूल्यों को कमजोर करता है। भारत का मानना है कि सभी देशों को साथ मिलकर शांति की भावना को आगे बढ़ाना चाहिए। फरवरी में युएनएससी की बैठक में भारत ने कहा था कि पाकिस्तान खून में डूबा हुआ देश है। मानवाधिकार के मामले में उनका रिकॉर्ड बेहद खराब है।

## तुर्किये ने इजराइल से व्यापारिक संबंध तौडे कारण इजराइल का गाजा पर हमला

इजराइल गाजा में मानवीय सहायता पहुंचने नहीं देगा तब तक रिश्ते बहाल नहीं किए जाएंगे।



गाजा पर इजराइल के हमलों का विरोध कर रहे तुर्किये ने अब इजराइल के साथसभी व्यापारिक संबंध तोड़ दिए हैं। तुर्किये के व्यापार मंत्री ने कहा है कि जब तक इजराइल गाजा में पर्याप्त मानवीय सहायता पहुंचने नहीं देगा तब तक रिश्ते बहालंनही किए जाएंगे।बीबीसी के मुताबिक, पिछले साल दोनों देशों के बीच 58 हजार करोड रुपए से ज्यादा का व्यापार हुआ था। इजराइल के विदेश मंत्री ने इस फैसले के लिए तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन को तानाशाह कहा। साथ ही उन्होंने एर्दोगन पर तुर्किये के लोगों, व्यापारियों और अंतरराष्ट्रीय ट्रेड एग्रीमेंट को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। विदेश मंत्री ने कहा, मैंने अपने मंत्रालय को आदेश दिया है कि वो तुर्किये के साथ व्यापार के दूसरे विकल्प खोजें और लोकल प्रोडक्शन को बढ़ावा दें। इसके अलावा दूसरे देशों के साथ भी निर्यात बढ़ाने पर काम किया जाए। बिगड़े इजराइल–तुर्किये के रिश्ते – हमास के खिलाफ जंग की शुरुआत से ही तुर्किये ने इजराइल के हमलों का विरोध किया है। हालांकि, इजराइल–तुर्किये के रिश्ते हमेशा से ऐसे नहीं थे। साल 1949 तुर्किये पहला ऐसा मुस्लिम देश था, जिसने इजराइल को मान्यता दी थी। हालांकि, धीरे–धीरे दोनों के रिश्ते खराब होते गए।

https://sbpatra.in/

समाचार के लिए लॉगिन करे।

## पन्नु की हत्या पर रॉ अधिकारी का हाथ भारत बोला अमेरीकी अखबार का दावा झुठा

पूर्व सीआरपीएफ अधिकारी विक्रम यादव को सौंपा था ऑपरेशन; भारत बोला- आरोप बेबुनियाद

खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश में भारतीय जांच एजेंसी रॉ (रिसर्च एंड एनालिसिस विंग) का हाथ था। अमेरिकी मीडिया वॉशिंगटन पोस्ट ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी और भारतीय सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि पन्नू की हत्या की पूरी प्लानिंग रॉ के एक सीनियर अधिकारी विक्रम यादव ने की थी।

पन्नू को मारने के लिए विक्रम ने एक हिट टीम को काम पर रखा था। यादव ने पन्नू के बारे में भारतीय एजेंट निखिल गुप्ता को जानकारी भेजी, जिसमें उसके न्यूयॉर्क में होने के बारे में पता चला था। इसके बाद निखिल गुप्ता ने पन्नू को मारने के लिए एक एजेंट से संपर्क किया। हालांकि प्लानिंग सफल होने से पहले ही निखिल गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया गया। वॉशिंगटन पोस्ट की इस रिपोर्ट पर भारत की प्रतिक्रिया भी सामने आइहै। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, रिपोर्ट में एक गंभीर मामले को लेकर भारत पर गलत और बेतुके आरोप लगाए गए हैं।



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा है कि पन्नू मामले की जांच के बीच इस पर गैर–जिम्मेदाराना टिप्पणियां करना गलत है। रॉ चीफ ने पन्नू की हत्या का प्लान अप्रूव किया – वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक, अमेरिकी इंटेलिजेंस एजेंसियों ने यह भी बताया कि पन्नू को मारने के लिए चलाए गए ऑपरेशन को रॉ के तत्कालीन चीफ समंत गोयल ने अप्रूव किया था। इस ऑपरेशन की जानकारी रखने वाले कुछ भारतीय सुरक्षा अधिकारियों ने भी अमेरिकी मीडिया के सामने इस दावे की पुष्टि की।

## पाक में उठा हिन्दु लडकियों के धर्म परिवर्तन का मुद्दा संयुक्त राष्ट्र भी जाता चुका चिन्ता हिंदु सांसद ने कहा पाक सरकार कार्यवाही नही करती

सांसद ने कहा हिन्दुओं की लडकीया कोई लुट नही है , प्रिया कुमारी को अगवा किए दों साल हो गए अभी तक पता नही


पाकिस्तानी सांसद मे दानेश ने संसद में भाषण देते हुए कहा कि पाकिस्तान के सिंध प्रांत में हिंदू लड़कियों का जबरन धर्म परिवर्तन करवाया जा रहा है। इसमें इलाके के प्रभावशाली लोग शामिल है। लेकिन पाकिस्तान सरकार इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। दानेश कुमार ने देश के संविधान और कुरान का हवाला देते हुए कहा कि ये दोनों चीजें किसी के जबरन धर्म परिवर्तन की अनुमति नहीं देती हैं। उन्होंने कहा, ष्हिंदुओं की बेटियां कोई लूट नहीं हैं कि कोई उनका जबरन धर्म बदल दे, सिंध में हिंदू लड़कियों का जबरन धर्म परिवर्तन किया जा रहा है। प्रिया कुमारी को अगवा हुए दो साल हो चुके हैं।लेकिन सरकार ने इन प्रभावशाली लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। कुछ गलत लोग हमारे पाकिस्तान का नाम खराब कर रहे हैं। दानेश ने अपने भाषण में कहा कि सिंध को बलूचिस्तान से सीखना चाहिए।यहां हिंदू लड़कियों का जबरन धर्म परिवर्तन नहीं करवाया जाता है। बलूचिस्तान में हिंदू– मुस्लिम एक साथ मिलकर रहते हैं। हमे बताया गया कि धर्म परिवर्तन जांच के लिए जॉइंट इन्वेस्टिगेशन टीम बनी है। लेकिन यह इन्वेस्टिगेशन टीम आरोपियों को एसी रूम में बैठाकर पूछताछ कर रही है। हमारे दुश्मन मुल्क मेरी जन्मभूमि पर इन मामलों के कारण उंगली उठा रहे हैं। अगर जल्द ही कोई कदम नहीं उठा गया तो पाकिस्तान में जल्द ही हिंदू खत्म हो जाएंगे। दानेश कुमार हाल ही में हुए चुनावों में बलूचिस्तान आवामी पार्टी की और से अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित सीट पर सांसद चुने गए थे। वे बलूचिस्तान की विधानसभा के भी सदस्य रह चुके हैं। उन्होंने 2023 में अपने साथी सांसदों पर धर्म परिवर्तन करने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया था।संयुक्त राष्ट्र भी जता चुका है चिंता पिछले महीने संयुक्त राष्ट्र भी पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदायों की लड़कियों क



जबरन धर्म परिवर्तन पर अपनी चिंता व्यक्त कर चुका है। यूएन ने कहा था कि पाकिस्तान सरकार लड़कियों के अधिकारों की रक्षा करने के लिए जरूरी कदम नहीं उठा रही है। यूएन के एक्सपर्ट्स ने कहा था कि अल्पसंख्यक लड़कियों के जबरन विवाह और धर्म परिवर्तन को पाकिस्तान की अदालतें भी सही ठहरा रही है। जिसका असर पीड़ित लड़कियों पर हो रहा है। लड़कियां की मर्जी के खिलाफ नए पतियों के साथ रहने पर मजूबर किया जा रहा रहा है।

## सीजफायर के लिए हमास का अमेरिका पर दबाव राफा में मिलिट्री ऑपरेशन के खिलाफ बाईडेन

३३ इजराईल बंधको को छोडने कि मॉंग बदले में फिलिस्तीनीयो को भी छोडा जाएगा



अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने इजराइल–हमास जंग शुरू होने के बाद 7 बार मिडिल ईस्ट का दौरा किया है। अपने 7वें दौरे के आखिरी दिन बुधवार (1 मई) को ब्लिंकन ने हमास से मांग की है कि वे सीजफायर डील को स्वीकार करें। तेल अवीव में इजराइली राष्ट्रपति हेर्जोग से मुलाकात के दौरान ब्लिंकन ने कहा, श्हम जल्द से जल्द सीजफायर के लिए प्रतिबद्ध हैं। ताकी सभी इजराइली बंधक घर लौट सकें। हमास इसमें रुकावट पैदा कर रहा है। उन्होंने कहा, श्हमने प्रस्ताव दिया है, इसे स्वीकार करने का समय अभी है। प्रस्ताव में क्या है – अमेरिकी मीडिया हाउस न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक इजराइल–हमास जंग रुकवाने को लेकर प्रस्तावित सीजफायर डील में शुरुआत में 33 इजराइली बंधकों को छोड़ने की मांग की है। इसके बदले में इजराइल अपनी जेलों में कैद फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। साथ ही, इजराइल गाजा में भी अपने हमलों को रोकेगा।

## पाक में शहबाज सरकार पर बरसे विपक्षी मंत्री , भारत महाशक्ती के सपने देख रहा और हम दुनियाँ से भीख मॉंग रहे।

मौलाना ने बिना नाम लिए इशरो-इशरो मे कहा पाकिस्तान की स्थिीती को लिए कुछ ही लोग जिम्मेदार है



इस्लामाबाद। पाकिस्तान के विपक्षी नेता और जेयूआई–एफ प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने भारत की तारीफ करते हुए अपने ही देश की शहबाज सरकार पर निशाना साधा है। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में भाषण के दौरान मौलाना रहमान ने कहा कि एक तरफ भारत महाशक्ति बनने का सपना देख रहा है, वहीं दूसरी ओर हम हम दिवालियापन से बचने के लिए दुनिया में भीख मांग रहे हैं। उन्होंने शहबाज सरकार से सवाल किया कि आखिर इसके लिए कौन जिम्मेदार पाकिस्तान में आसमान छू रही महंगाई – गौरतलब है कि पाक में शहबाज सरकार के सामने बढ़ती महंगाई और बेपटरी हो चुकी अर्थव्यवस्था पर काबू पाना सबसे बड़ी चुनौती है। चुनौतियों से जूझ रही शहबाज सरकार ऐसे समय में भी दो तरफा नीतियों में उलझी हुई है। महलों में बनती है पाक की सरकार – मौलाना रहमान ने कहा कि पाकिस्तान में सरकार महलों में बनती और नौकरशाह तय करते हैं कि प्रधानमंत्री कौन होगा। मौलाना रहमान ने कहा कि पाकिस्तान की दुर्दशा के लिए कुछ ही लोग जिम्मेदार है। हालांकि मौलाना रहमान ने उन लोगों का नाम नहीं लिया।

स्वत्वाधिकार सम्पादक प्रकाशक मधुसूदन शर्मा / डिजिटल संस्करण प्रति सोमवार स्वतंत्र बौद्धिक पत्र समाचार पत्र की आधिकारीक बेवसाइट https://sbpatra.in/ पर उपलब्ध है। अन्य वेब या डिजिटल माध्यमों पर इसे प्रकाशित या इस नाम से , अन्य सामग्री जैसे समाचार पत्र प्रकाशन या इस नाम से कोइ वेब डोमेन खरीदना , दण्डनीया अपराध होगा ,ऐसा करने पर वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है । - सम्पादक मधुसूदन शर्मा